संदर्भ सं. राजभाषा-1/परिपत्र/ HV/30072021/OUT/10876 30 जुलाई, 2021

सभी क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों/निवासी प्रतिनिधि कार्यालयों/त्वरित ऋण सेवा केंद्रों/ विशिष्ट आस्ति वसूली शाखाओं/ लेखापरीक्षा कक्षों के प्रभारी तथा प्रधान कार्यालय के लखनऊ, मुंबई और नई दिल्ली-स्थित सभी उद्-भागों/विभागों/कक्षों एवं स्वावलंबन अकादमिक केंद्र, भुवनेश्वर के प्रमुख, सिडबी की सभी सहयोगी एवं सहायक संस्थाओं के मुख्य कार्यपालक अधिकारी.

परिपत्र सं. राजभाषा - 14 / 2020-21

महोदया/महोदय,

भा. रि. बैंक की अंतरबैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता – वर्ष 2021-22

हम इस परिपत्र के साथ, दिनांक 29/07/2021 का भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई का विषयांकित पत्र अनुलग्न कर रहे हैं, जिसमें सूचित किया गया है कि भा.रि.बैंक सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के स्टाफ-सदस्यों के लिए **अंतरबैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता** आयोजित कर रहा है। इस निबंध प्रतियोगिता के लिए निर्धारित विषय निम्नवत् हैं-

1. **एमएसएमई क्षेत्र और कोविड-19 महामारी**
2. **कोविड-19 महामारी में डिजिटल बैंकिंग की भूमिका**
3. **बैंकिंग में ग्राहक सेवा का महत्त्व**

यह प्रतियोगिता तीन भाषा-भाषी वर्गों के लिए अलग-अलग आयोजित की जा रही है तथा उनके लिए निम्नलिखित पुरस्कार निर्धारित हैं -

क्र.सं.	प्रतियोगिता के वर्ग	पुरस्कार			
		प्रथम (रु)	द्वितीय (रु)	तृतीय (रु)	प्रोत्साहन
1	हिंदी-भाषी (मातृभाषा हिंदी, मैथिली, उर्दू, आदि)	14000/-	10000/-	8000/-	3000/-
2	मराठी, पंजाबी, सिंधी, कोंकणी, गुजराती -भाषी	14000/-	10000/-	8000/-	3000/-
3	उपर्युक्त 1 एवं 2 से इतर अन्य भाषा-भाषी	14000/-	10000/-	8000/-	3000/-

प्रविष्टियाँ भेजने की अंतिम तारीख **01/10/2021 (शुक्रवार)** है। प्रतियोगिता का विस्तृत विवरण इस परिपत्र के साथ अनुलग्न भा.रि. बैंक के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई के उपर्युक्त पत्र एवं उसके संलग्नकों में दिया गया है। आपसे अनुरोध है कि अपने कार्यालय/उद्-भाग से संबद्ध सभी स्टाफ़ सदस्यों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। स्टाफ़ सदस्यों से प्राप्त निबंध बैंक के संबंधित कार्यालय/शाखा के माध्यम से **भा.रि. बैंक** को भेजे जाएँ तथा उसकी प्रति राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय, लखनऊ को भी अग्रेषित की जाए।

अनुलग्न : यथोपरि

भवदीय,

(चंद्र शेखर थानवी)
मुख्य महाप्रबंधक